स्ट्रीट डॉग्स को खाना खिलाते नजर आईं श्रद्धा कपूर

एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)



बॉलिवुड की खूबसूरत ऐक्ट्रेस में से एक श्रद्धा कपूर इस साल अपनी फिल्मों को लेकर काफी बिजी रही हैं। श्रद्धा कपूर की फिल्म साहो ३० अगस्त को रिलीज होने को तैयार है। इस फिल्म में उनके साथ साउथ के सुपरस्टार प्रभास नजर आएंगे। साहो के ट्रेलर के रिलीज होते ही श्रद्धा के रोल ने लोगों को प्रभावित किया है। श्रद्धा कपूर ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर एक प्यारा विडियो शेयर किया है। यह विडियो इंटरनेट पर वायरल हो रहा है। इस विडियो में आप देख सकते हैं कि ऐक्ट्रेस स्ट्रीट डॉग्स को खाना खिला रही हैं। श्रद्धा कपूर की बैक-टू-बैक दो फिल्में रिलीज हो रही हैं। ३० अगस्त को साहो के रिलीज होने के एक सप्ताह बाद उनकी दूसरी फिल्म छिछोरे 6 सितंबर को रिलीज होगी। बता दें कि पहले दोनों फिल्म ३० अगस्त को रिलीज होने वाली थीं। बाद में छिछोरे की रिलीज डेट बदल दी गई। छिछोरे में एक सामान्य कॉलेज जाने वाली लड़की और एक महिला के इर्द-गिर्द की कहानी को दिखाया जाएगा। नितेश तिवारी के डायरेक्शन में बनी फिल्म छिछोरे में श्रद्धा कपूर के अलावा सुशांत सिंह राजपूत प्रतीक बब्बर, सिद्धार्थ नारायण, वरुण शर्मा प्रमुख भूमिका में हैं।

कभी भी ऐक्ट्रेस नहीं बनना चाहती थी: कृति खरबंदा

विक्रम भट्ट की फिल्म राज रीबूट से बॉलिवुड में डेब्यू करने वाली ऐक्ट्रेस कृति खरबंदा इन दिनों काफी बिजी चल रही हैं। वह अपनी आगामी फिल्मों हाउसफुल 4, पागलपंती, चेहरे और तमिल फिल्म 'वान' की शूटिंग में व्यस्त हैं। शादी में जरूर आना से खास पहचान बनाने वाली कृति का कहना है कि वह कभी ऐक्ट्रेस नहीं बनना चाहती थीं। फिल्म चेहरे में कृति बॉलिवुड के मेगास्टार अमिताभ बच्चन के साथ पहली बार सिल्वर स्क्रीन पर नजर आएंगी। इस फिल्म में अमिताभ और कृति के अलावा इमरान हाशमी भी दिखेंगे।

कृति ने बताया, 'मैं कभी ऐक्ट्रेस नहीं बनना चाहती थी। ऐक्टिंग के बजाए मैं शादी करना चाहती थी और बच्चे पैदा करना चाहती थी।' कृति की दूसरी हिंदी फिल्म गेस्ट इन लंदन' के प्रमोशन के दौरान जब उससे शादी के बारे में पूछा गया, तब उन्होंने कहा था कि उनकी शादी को लेकर सवाल करने मेहमान पसंद नहीं हैं। ऐसे मेहमानों को वह घर से चलता कर देना ही ठीक समझती हैं। एक सवाल का जवाब देते हुए कृति ने कहा, बात बॉलिवुड या दक्षिण की फिल्मों में काम करने की हो, मैं फिल्मों का चयन भाषा के आधार पर नहीं करती। जब मैंने वहां काम करना शुरू किया, तो दक्षिण भारतीय फिल्म उद्योग को बॉलिवुड में कदम रखने की सीढ़ी के रूप में नहीं देखा। यहां तक कि आज भी मैं जब किसी तमिल फिल्म में या एक मल्टीस्टारर बॉलिवुड फिल्म में ऐक्टिंग करती हूं तो दोनों में कोई अंतर नहीं देखती।' कृति इससे पहले गेस्ट इन लंदन, शादी में जरूर आना, कारवां और यमला पगला दीवाना फिर से जैसी फिल्मों में नजर आई थीं। उन्होंने दक्षिण भारतीय फिल्म उद्योग में गूगली, सुपर रंगा, ब्रुस ली: द फाइटर जैसी फिल्मों से लोकप्रियता हासिल की। फिल्मों के अलावा वह अपने स्टाइल स्टेटमेंट के कारण मैगजीन कवर्स का पसंदीदा चेहरा हैं।

करिश्मा तन्ना की ये दिलकश अदाएं हुईं वायरल

टीवी अभिनेत्री करिश्मा तन्ना एक बार फिर चर्चा में हैं. इस बार वह अपने किसी सीरियल की वजह से नहीं बल्कि अपनी हालिया तस्वीरों की वजह से चर्चा का विषय बनीं हुई हैं. मशहूर सीरिज नागिन के तीसरे सीजन में लीड रोल में नजर आ चुकीं टीवी अभिनेत्री इन दिनों बुल्गारिया में स्टंट रिएलिटी शो खतरों के खिलाड़ी-१० के लिए शूटिंग कर रही हैं. अपने बिजी शेड्यूल से थोड़ा वक्त निकाल कर मस्ती करती भी नजर आ जाती है। हाल ही में करिश्मा की चंद खूबसूरत तस्वीरें सामने आईं हैं. इन तस्वीरों में करिश्मा बेहद मनमोहक अंदाज़ में नजर आ रही हैं। शो के १०वें सीजन में करिश्मा तन्ना, शिविन नारंग, तेजस्वी प्रकाश, अदा खान, अमृता खानविलकर, करण पटेल, धर्मेश येलेंडे, आरजे मलिश्का, बलराज सयाल और भोजपुरी स्टार रानी चटर्जी सहित कई सेलेब्स शामिल हैं। करिश्मा कुछ दिनों पहले स्टार प्लस के मशहूर शो कयामत की राम में नजर आईं थीं. इस सीरीज में उनके काम को काफी सराहा गया था. इस सीरीज में करिश्मा के अपोजित अभिनेता विवेक दहिया नजर आए थे. सीरीज में दोनों की केमिस्ट्री को लोगों ने काफी पसंद भी किया था.

बहुत दिनों से अभिनेत्री एक अच्छी कहानी वाले शो की तलाश में थीं. उन्होंने कहा कि एक ही तरह का किरदार निभाने से एक तरह का ठहराव महसूस होता है. उनके मुताबिक एक्टिंग करने के लिए किरदार कुछ दिलचस्प होना चाहिए. बतौर नागिन वह दूसरी बार छोटे पर्दे पर नजर आईं, इससे पहले वह नागार्जुन-एक योद्धा में नजर आ चुकी हैं.